**न्यायालय द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून।**

**प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र संख्या 1179 / 2026**

**राज्य बनाम अज्ञात।**

<u>**दिनांक 23.04.2026**</u>

पत्रावली प्रस्तुत। पुकारा गया। प्रार्थी अनुपस्थित। प्रार्थी पुनीत कुमार द्वारा वाहन रिलीज हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिस पर थाने से आख्या प्राप्त है। सम्बन्धित थाने की आख्यानुसार मु0अ0सं0 679 / 2025 अं0 धारा 106(1), 281 बी.एन.एस. में वाहन संख्या एच.आर. 58ए 6130 पंजीकृत है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि प्रस्तुत प्रकरण में थाने से आख्या प्राप्त है परन्तु मामले का प्रार्थी विगत तीन तिथियों से अनुपस्थित है एवं उसके द्वारा मामले की पैरवी नहीं की जा रही है। ऐसे में उक्त मामले को अकारण अनिश्चित काल के लिए लम्बित रखने का कोई औचित्य नहीं है। तद्नुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र खारिज किए जाने योग्य है।

<u>**आदेश**</u>

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत वाहन रिलीज प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार अभिलेखागार संचित हो।

(संजीव कुमार)
प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
देहरादून।